सुविचार

अपने कर्तव्य पर अटल रहने वाला ही सफल होता है..!

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/75259

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 9, अंक-7 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 22 मार्च 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## भीड़ को अपराध करने के लिए उकसाना कब अपराध होता है जानिए/ IPC ,BNS...

युवा प्रदेश

वर्तमान समय में बहुत से लोग फ़ेसबुक, whatsaap, instragram आदि सोशल मीडिया पर बहुत सी भड़काऊ पोस्ट शेयर करते है जिसके कारण दस से अधिक व्यक्ति उकसाहट में आकार कोई अपराध को अंजाम दे देते है ऐसे में इस अपराध पर अंकुश लगाना भी जरूरी था इसलिए भारतीय दण्ड संहिता एवं नये कानून भारतीय न्याय संहिता में इस अपराध के लिए दण्ड का प्रावधान किया गया है जानिए



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 117 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 57 की परिभाषा:** जो कोई व्यक्ति किसी जनता या दस से अधिक व्यक्ति को किसी अपराध के लिए दुष्प्रेरित करेगा वह व्यक्ति IPC की धारा 117 एवं BNS की धारा 57 के अंतर्गत दोषी होगा।

**उदाहरण के लिए-** क, एक पोस्टर को सार्वजनिक स्थान पर चिपका देता है और उसे पढ़ने के बाद लोग कोई विधि विरुद्ध जमाव करने के लिए तैयार हो जाते है तब क, इस अपराध का दोषी होगा चाहे वह अपराध में शामिल भी नहीं हुआ हो।

**दण्ड-** इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं असंज्ञेय दोनों प्रकार के होते हैं एवं जमानतीय एवं अजमानतीय होते है इनकी सुनवाई उसी न्यायालय में होगी जहा विधि विरुद्ध जमाव के अपराध का विचारण चल रहा हैं अतः तीन वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। एस सुब्रमणिया अय्यर बनाम सम्राट मामले मे रेल्वे की हड़ताल के दोरान रेल कर्मचारियों को रेल की पटरियों पर लेट जाने के लिए उकसाना IPC की धारा 117 के अंतर्गत अपराध माना गया था।

## रात्रि में घर मे घुसने वाले व्यक्ति को रोकना कब अपराध नहीं है जानिए/legal advice...

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 446 में रात्रि गृह-भेदन के अपराध के बारे मे बताया गया है अर्थात कोई व्यक्ति किसी से घर, निवास में सूर्यास्त के बाद अवैध तरीके से प्रवेश करता है वह रात्रि गृह-भेदन का अपराध करता है। इसी अपराध के प्रतिरक्षा में भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 105 का खण्ड 04 के कहता है कि रात्रि में गृह भेदन के विरुद्ध व्यक्ति अपनी निजी प्रतिरक्षा कर सकता है अर्थात रात्रि में घर मे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से घुसने वाले व्यक्ति को रोकने के लिए व्यक्ति पर्याप्त बल का प्रयोग कर सकता है यह उसे कानूनी निजी प्रतिरक्षा का अधिकार है।

**इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट का एक महत्वपूर्ण निर्णय है जानिए**

रीजान बनाम छत्तीसगढ़ राज्य मामले मे सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया है कि यह अधिकार तब प्रारंभ होता है जब कोई व्यक्ति विधि विरुद्ध किसी व्यक्ति के गृह में रात्रि में प्रवेश करता है एवं जब तक बना रहता है तब तक व्यक्ति वहा से चला न जाए या उसे निकाल दिया जाए।

?? लेखक बीआर अहिरवार (पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने मतदाता जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाई

### जागरूकता वाहन मतदाताओं को वोट करने के लिये प्रेरित करेंगे



**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बुधवार को निर्वाचन सदन, भोपाल से मतदाता जागरुकता के लिये तैयार किये गये 75 विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री राजन ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 में प्रदेश के 26 जिलों की 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत 75 फीसदी से कम रहा था। इन 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये ये विशेष जागरुकता वाहन तैयार किये गये हैं। इन वाहनों में बैनर्स, पोस्टर्स, स्लोगन्स, प्लाज्मा टीवी के जरिये मतदाता जागरुकता गीत, रील, वीडियो आदि दिखाकर मतदाताओं को उनके मताधिकार का उपयोग अवश्य करने के लिये अभिप्रेरित किया जायेगा। ये प्रचार वाहन अगले एक महीने तक (लोकसभा निर्वाचन-2024) के दौरान संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में रहकर अधिकतम आबादी तक पहुंचकर वोटिंग के लिये प्रेरित करने का कार्य करेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिककारी श्री बसंत कुर्रे, श्री मनोज खत्री, श्री तरूण राठी और श्री विवेक श्रोत्रिय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, भोपाल श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### इन जिलों में भेजे गये हैं प्रचार वाहन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि ये प्रचार वाहन 26 जिलों क्रमशः मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, दतिया, गुना, सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी, जबलपुर, भोपाल, देवास, खण्डवा, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन एवं रतलाम भेजे गये हैं।

### दिल्ली हाई कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की याचिका

## गिरफ्तारी पर रोक लगे, तो पूछताछ में श्रष्ठ का सहयोग करने को तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में नाम सामने आने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार की डर सता रहा है। ताजा खबर यह है कि केजरीवाल ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस याचिका में केजरीवाल ने मांग की है कि कोर्ट गिरफ्तार से रोक लगाए और ऐसा होता है तो वह जांच में प्रवर्तन निदेशालय का सहयोग करने को तैयार हैं। याचिका पर जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अगुवाई वाली खंडपीठ सुनवाई करेगी। समाचार एजेंसी हृद्व के अनुसार, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक नई याचिका दायर कर अपने खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने की मांग की है। बता दें, एक्साइज मामले में ईडी अब तक उन्हें 9 समन जारी कर चुकी है। हर बार केजरीवाल नया बहाना बनाकर पूछताछ से बच रहे हैं। इससे पहले, बुधार को दिल्ली HC में हुई सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकीलों ने कहा था कि उन्हें आशंका है कि श्रष्ठ उन्हें गिरफ्तार कर लेगी और अगर उन्हें सुरक्षा दी जाती है तो वह पेश होने के लिए तैयार हैं। इस घटनाक्रम पर भाजपा नेता हरीश खुराना ने कहा, दिल्ली के सीएम फिर से ईडी के समन से बच रहे हैं।




## अब चुनाव में मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी मिलेगी पोस्टल बैलेट से वोट करने की सुविधा

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब मतदान दिवस के कवरेज मेंशामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। आयोग ने गत दिवस अधिसूचना जारी कर पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकार को अपना प्राधिकार पत्र लगाकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिये आवेदन करना होगा। तय प्रक्रिया का पालन करने एवं प्राधिकार पत्र संलग्न करने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट जारी कर उनसे मतदान करायेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य, गृह (अग्निशमन सेवाएं), ऊर्जा विभाग के अमले सहित निर्वाचन कार्य में मतदान दिवस के कवरेज में संलग्न भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है।

> ● भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में माना

## मतदाता सूची में कैसे बढ़े ढाई लाख नाम, कांग्रेस ने खड़े किए सवाल

**इंदौर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता बीते समय से इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल खड़े कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले स्थानीय नेताओं ने मतदाता सूची पर सवाल उठाए हैं। निर्वाचन आयोग के नए और पुराने आंकड़ों पर गौर किया जाए तो इंदौर लोकसभा क्षेत्र में बीते आम चुनावों से इस आम चुनाव के बीच एक लाख 62 हजार 611 मतदाता बढ़े हैं। कांग्रेस के स्थानीय नेता दावा कर रहे हैं कि लोकसभा क्षेत्र में सिर्फ आठ विधानसभा सीटें आती हैं। यदि इंदौर जिले की महू विधानसभा के मतदाता के आंकड़े भी जोड़कर देखे जाएं तो मतदाताओं की संख्या में बीते चुनाव से इस चुनाव तक करीब ढाई लाख मतदाताओं का अंतर आ रहा है। निर्वाचन आयोग को बढ़े नामों को सार्वजनिक करना चाहिए।



### चार चरण में चुनाव, गड़बड़ी की आशंका

छत्तीसगढ़ के विभाजन के बाद पहली बार मप्र में चार चरणों में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। 19 अप्रैल को पहले, 26 अप्रैल को दूसरे, 7 मई को तीसरे की और 13 मई को चौथे और अंतिम चरण की वोटिंग है। यानी हर चरण में 6 से 10 दिन का अंतर आ रहा है। ऐसे में एक से ज्यादा जगह मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने वाले मतदाताओं के लिए आसान होगा कि वे एक से ज्यादा सीटों पर मतदान कर सकें।

### लाखों नाम हटे तो बढ़े कैसे

कांग्रेस के रवि गुरुनानी जो निर्वाचन की स्थायी समिति में सदस्य भी हैं, कहते हैं कि हमने विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची की गड़बड़ी पकड़ी थी। स्थानीय अधिकारियों ने शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया तो कोर्ट पहुंचे थे। कोर्ट ने तीन लाख से ज्यादा फर्जी या डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने का आदेश दिया था। तब भी क्या कार्रवाई हुई ये रहस्य है।

## छिंदवाड़ा में कमल नाथ के सबसे करीबी के बेटे होंगे भाजपा में शामिल

**छिंदवाड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के सबसे करीबी और पार्टी में नंबर 3 की हैसियत रखने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री दीपक सक्सेना के छोटे बेटे अजय सक्सेना ने भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। उनके साथ नगर निगम के अध्यक्ष पद के सबसे बड़े दावेदार और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंद्रभान देवर भी भाजपा में जा सकते हैं। शहर के कई युवा नेता भी गायब नजर आ रहे हैं। अजय सक्सेना (चुनमुन) के नेतृत्व में नगर निगम छिंदवाड़ा के दो सभापति, दो पार्षद, नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सहित ग्रामीण इलाकों के कई खांटी कांग्रेसी नेताओं का एक बड़ा काफिला भोपाल रवाना, दोपहर बाद भाजपा कार्यालय में होगी ज्वाइनिंग। दल बादल की इस राजनीति के बीच पूर्व कैबिनेट मंत्री और 2018 में कमलनाथ के लिए अपनी विधानसभा सीट छिंदवाड़ा छोड़ने वाले कद्दावर नेता दीपक सक्सेना के भी भाजपा में जाने की अटकलें जोरों पर हैं। उनका बेटा भाजपा में जा ही रहा है तो क्या कमलनाथ और दीपक सक्सेना की बरसों पुरानी जोड़ी अब टूट जाएगी। क्योंकि दीपक सक्सेना पहले ही इस बात के संकेत दे चुके हैं कि उन्हें भी भाजपा में जाने से कोई गुरेज नहीं है। दीपक सक्सेना का भाजपा में जाना कमलनाथ के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है।



# आरपीएफ शहडोल की ताबड़तोड़ कार्यवाही से धाराया मोबाइल चोर



**शहडोल।** दिनांक 15.03.2024 को शहडोल स्टेशन के द्वितीय श्रेणी यात्री प्रतीक्षालय रूम प्लेटफार्म नंबर 01 पर समय 05/00 बजे से 05/15 के मध्य पीड़ित यात्री वीरेंद्र कुमार पटेल उम्र 45 वर्ष स्वर्गीय अमरनाथ पटेल पता-वार्ड नंबर 6 माइनस कॉलोनी बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म प्र) जो अनूपपुर से शहडोल तक यात्रा पश्चात प्लेटफार्म नंबर 01 पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय में रूका और अपना मोबाइल चार्जिंग पॉइंट पर लगाकर सो गया था, नींद खुलने पर देखा कि चार्जिंग पर लगा मोबाइल किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। इस पर उक्त यात्री ने जीआरपी थाना शहडोल में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराया जहां पर अप. क्रमांक 0024/2024 धारा 379 आईपीसी अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया गया। ऑन ड्यूटी आरपीएफ कर्मचारी आरक्षक चंदन सिंह द्वारा उपरोक्त घटना की सूचना श्री मनीष कुमार निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रभारी शहडोल को दिया गया तथा निर्देशानुसार यात्री प्रतीक्षालय का सीसीटीवी कैमरा रिकार्डिंग चेक करने पर आरोपी द्वारा चार्जिंग पॉइंट से यात्री का मोबाइल चोरी कर प्लेटफार्म से रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटो में बैठकर जाते हुए दिखाई दिया तब रेसुब आरक्षक चंदन सिंह एवं रेसुब टास्क टीम-2 से उप निरीक्षक डी.के.यादव, प्र.आरक्षक मनोज कुमार के संयुक्त टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के हुलिया के आधार पर मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी की खोजबिन करने पर बस स्टैंड शहडोल में बस के अंदर बैठे हुए अवस्था मे चोरी के एमआई मोबाईल कीमत 10,000/- रुपये के साथ चोरी होने के तुरंत बाद पकड़कर रेसुब पोस्ट शहडोल पोस्ट में लाकर पूछताछ करने पर आरोपी नाम पता अजय सिंह उर्फ अज्जू पिता स्व. महादीन सिंह , उम्र 20 वर्ष, पता ग्राम- -धुरियाडोला, वार्ड नंबर 18, थाना-बुढ़ार, जिला-शहडोल (मध्यप्रदेश) निवासी बताया जिसने रायपुर से शहडोल तक ट्रेन नम्बर 15160 सारनाथ एक्सप्रेस में यात्रा करके आना बताया और यात्री प्रतीक्षालय से मोबाइल चोरी करने का अपराध स्वीकार किया तब उसे जीआरपी थाना शहडोल में अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया जहाँ पर घटना के सम्बंध में दर्ज अपराध क्रमांक 0024/2024 दिनाँक 15.03.24 धारा 379 आईपीसी में संलग्न किया गया।

# अशासकीय स्कूलों में कमजोर वर्ग एवं वंचित बच्चों के नि:शुल्क प्रवेश हेतु शीट आबंटित

**शहडोल** 15 मार्च 2024- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने जानकारी दी है कि राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में कमजोर वर्ग व वंचित समूह के बच्चों के ऑनलाईन नि:शुल्क प्रवेश के लिए 14 मार्च 2024 को शीट आबंटित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास खण्ड ब्यौहारी के 61 स्कूल हेतु 207 शीट, विकास खण्ड बुढ़ार में 30 स्कूल हेतु 112 शीट, विकास खण्ड गोहपारू के 13 स्कूलों हेतु 47 शीट, विकास खण्ड जयसिंहनगर के 47 स्कूलों हेतु 119 शीट, विकास खण्ड सोहागपुर के 71 स्कूलों हेतु 286 शीट आबंटित की गयी है।

# ग्राहक अपने अधिकारों के प्रति स्वयं जागरूक हो- एडीजीपी

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर संगोष्ठी एवं कार्यशाला सम्पन्न

**शहडोल 15 मार्च 2024-** कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर एडीजीपी श्री डीसी सागर ने कहा कि ग्राहक अपने अधिकारों के प्रति स्वयं जागरूक हो तथा यदि उनके अधिकारों का हनन हो रहा है तो वे उपभोक्ता फोरम में अपना शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता सामग्री क्रय करते समय दुकानदारों से पक्की रसीद आवश्यक रूप से ले। जिससे आवश्यकता पड़ने पर आपके अधिकारों को सुरक्षित रखा जा सकें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपने अधिकारों को जाने और उसका पालन भी करें। सामग्री क्रय करते समय उसके निर्माण एवं तिथियां अनिवार्य रूप से देखें तभी यह पता चलेगा कि आपके द्वारा क्रय की गई सामग्री सही है की नही। उन्होंने कहा कि सामग्री क्रय करते समय उपभोक्ता का अधिकार है कि वह सामग्री का वजन आदि भी तौलाएं जिससे पैंकिग में सामग्री सही मात्रा में है की नही उसका वास्तविक पता लग सकें। उन्होंने कहा कि जागरूक उपभोक्ता दूसरे लोगों को भी उपभोक्ता अधिकारों के संबंध में जागरूक करें। उन्होंने उपभोक्ता को जागरूक करने के लिए चौराहों मे होर्डिंग्स भी लगवाए। आयोजित कार्यशाला के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने कहा कि उपभोक्ताओं को सामग्री क्रय करते समय उसकी मात्रा, वजन आदि देखने का अधिकार है वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर इसका लाभ उठाएं। वस्तुओं को खरीदने से पहले अंतिम तिथि व वस्तुओं को खरीदने के बाद बिल अवश्य लें। उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला के दौरान बताया गया कि खरीदी गई वस्तु/प्राप्त की गई सेवा की गुणवत्ता, मात्रा और कीमत को जानें ताकि आपके साथ अनुचित व्यापार-व्यवहार के माध्यम से धोखा न हो सकें। अनुचित अथवा प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अथवा अनैतिक क्ररूप से शोषण का कानूनी समाधान कराएँ। जान-माल को नुकसान पहुंचाने वाली घटिया/खतरनाक वस्तुएं खरीदने/सेवाएं प्राप्त करने से बचें। जहां तक संभव हो वस्तुएं और सेवाएं प्रतियोगी दरों पर प्राप्त करें। 5 लाख रूपये तक के दावे में कोई न्याय शुल्क देय नहीं है। उपभोक्ता को अपने निवास स्थान के न्यायालय में परिवारवाद की अधिकारिता है। कार्यशाला को उपभोक्ता फोरम की सदस्य डॉ. श्रृष्टि शास्त्री, जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राघवेन्द्र सोनी,सहित अन्य सदस्यगण ने अपने-अपने विचार रखें। इस अवसर उपभोक्ता फोरम के सदस्य भरत नगराले, श्री जयप्रकाश, श्री अजय सिंह, श्री विष्णूप्रताप सिंह, श्री शुभदीप खरे, श्री अजय सिंह सहित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं काफी संख्या में उपभोक्तागण उपस्थित थें।

# 5 सूत्रीय मांगों को लेकर श्रीमती अल्का सिंह डिप्टी कलेक्टर को दिया ज्ञापन





**संभाग पत्रकार हेमंत शाक्या**

6263301848??

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश से प्राप्त निर्देशानुसार जिला कलेक्टर कार्यालय रायसेन में उपस्थित होकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती वसुधा मिश्रा एवं श्री मती प्रीति शर्मा जिला अध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के नेतृत्व में तथा जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ अरविंद सिंह ठाकुर के सहयोग से स्थानीय समस्याओं को लेकर श्रीमती अल्का सिंह डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में स्थानीय समस्याओं को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को नियमित वेतन न मिलने की समस्याएं उनको प्राप्त होने वाले नेट बैलेंस को नियमित रूप से प्राप्त न होना। साथ ही महिलाओं की समस्याएं जैसे बस स्टैंड एवं बसों में उनके लिए अलग से स्थान निर्धारित किया जाए। कस्बों एवं शहरों में संचालित कोचिंग सेंटरों के आसपास असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कानूनी कारवाई की जाए और अन्य छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे श्री किशोर सिंह ठाकुर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ संभाग अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ श्री मुरली मुरारी लाल सोनी भारतीय मजदूर संघ के श्रमिक नेता श्री हिमकर उपाध्याय जिला सचिव मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ श्री हरिप्रसाद जी सोनी श्री जगदीश शाक्य जी एवं काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं तथा सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# रायसेन–मुख्यमंत्री मोहन यादव कल रायसेन ज़िले के दोरे पर

**संभाग पत्रकार हेमंत शाक्या**





- मंदीदीप में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल।
- कई करोड़ रुपए के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं शिलान्यास।
- पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी साथ में रहें मौजूद।
- राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल और स्थानीय विधायक सुरेंद्र पटवा भी है इस कार्यक्रम में शामिल।
- आम जनता को मिलेगी कई करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौग़ात।
- इस कार्यक्रम में ज़िला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा भी थे शामिल।
- सुबह 11 बजे हेलीकॉप्टर से पहुँचेंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव।
- आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री का ये दोरा बेहद अहम माना जा रहा है।
- ज़िला प्रसाशन की मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियाँ हुई पूरी।

# शिक्षा का मूल उद्देश्य बच्चों में मानवीय गुणों का विकास कर उन्हें अच्छा इंसान बनाना है

**पत्रकार हेमंत शाक्या- संपर्क सूत्र 6263301848**



आज के मशीनी युग ने हर मानव को मानव कम मशीन ज्यादा बना दिया है ,जिसका एक मात्र उद्देश्य अधिक से अधिक लाभ अर्जित करना है चाहे मार्ग कोई भी हो।आज लोगों की संवेदनाएँ मर गई है ।आपस में भावनात्मक जुड़ाव नही के बराबर है।अब हर रिश्तों की डोर का आधार आर्थिक लाभ तक रह गया है ।जहाँ संवेदनाएँ नही,जहाँ भावना नही ,वहाँ तो अश्रु पानी ही बनता जाएगा ना । आज के मशीनी मानव के जनक भी तो हम ही है ना । आज हमारा उद्देश्य कम समय में अधिक से अधिक लाभ कमाना हो गया है । आज हम बच्चों को इसलिए शिक्षित कर रहे है ताकि वो अधिक से अधिक भौतिक सुख, सुविधा को प्राप्त कर सके ।जबकि शिक्षा का मूल उद्देश्य बच्चों में मानवीय गुणों का विकास कर उन्हें अच्छा इंसान बनाना है ।अर्थात उन्हें मानव बनाना है । लेकिन आज हम अपने मूल उद्देश्य से पथ भृष्ट हो चुके है । आज के भौतिकवादी युग में हम इतने आमकेंद्रित होते जा रहे है कि हमें दूसरों की तकलीफ का एहसास तब तक नही होता जबतक कि हम उसके शिकार नही हो जाते । अधिकतर हम लोगों से कहते सुनते आएँ है कि ये उसकी समस्या है हमें क्या ये उसकी समस्या है वो समझे ! ऐसी बातें जब हम अपने बच्चों के सामने करते है तो अप्रत्यक्ष रुप से हम बच्चों के मन मस्तिष्क में यही संदेश देते है कि तुम्हें किसी भी समस्या से परेशान होने की जरूरत नही है । बच्चे इसी सोच के साथ बड़े होते है इसलिए आज वो हमारी परेशानी को समझ नही पाते । इसलिए हे पंचतत्व के अधिनायक जागो और स्वयं को पहचानों तुम मानव हो मानव बनो ।

# कलेक्ट्रेट में स्थापित कन्ट्रोल रूम के जरिये होगी प्राप्त शिकायतों की मॉनीटरिंग कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर हुआ जारी

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**




लोकसभा निर्वाचन - 2024 के दृष्टिगत निर्वाचन संबंधी विभिन्न क्रियाकलापों के लिए कलेक्ट्रेट भोपाल में निर्वाचन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 0755-2730395 होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम में प्रतिदिन शिकायतों की मॉनीट्रिंग एवं रिपोंटिंग पंजीयन एवं अभिलेख संधारित करना, आरओएमसीसी, व्हीएसटीव्हीव्ही, एसएसटी सेक्टर अधिकारियों से रिपोंटिंग प्राप्त करना, निर्वाचन के दौरान प्रेक्षकों से प्राप्त एवं सी.विजिल शिकायतों की जाँच, भारत निर्वाचन एवं मुख्य निर्वाचन से प्राप्त शिकायतों का निराकरण तथा सी.विजिल एवं 1950 कन्ट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनीटरिंग करना एवं प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही को दर्ज कराना एवं प्रतिवेदन भेजना शामिल है। जारी आदेश अनुसार अधिकारी, कर्मचारियों कलेक्टर कार्यालय के प्रथम तल स्थित कक्ष क्रमांक 147 पर स्थापित निर्धारित समयावधि में उपस्थित होकर सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करेंगे।

# नवभारत साक्षरता परीक्षा का हुआ आयोजन

## रंगोली बनाकर हुआ स्वागत



पत्रकार हेमंत शाक्या--सम्पर्क सूत्र-6263301848

सुल्तानपुर। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर में नवसाक्षरों की परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें नोडल अधिकारी सुशील शर्मा द्वारा नव साक्षरों का तिलक एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत असाक्षरों को साक्षर बनाने का कार्य किया जा रहा है । इसके अंतर्गत 15 वर्ष से ऊपर के आयु वाले लोगों को परीक्षा में सम्मिलित किया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य असाक्षरों को साक्षर करना है । शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा बताया गया है कि परीक्षा का समय प्रातः 10ः00 से शाम 5ः00 तक रहता है। अपनी सुविधा के अनुसार नव साक्षर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं ।

# सुरक्षित माहौल बनाए रखने व लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने भोपाल पुलिस ने निकाला जवानों एवं वाहनों के साथ फ्लैग मार्च

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**





लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, निर्भीक एवं शांतिपूर्ण रुप से संपन्न कराने हेतु सेंट्रल लायब्रेरी से पैदल फ्लैग मार्च एवं लाल परेड मैदान से वाहनों से फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें लगभग पांच सौ जवान सत्तर चार पहिया वाहन शामिल रहे, जो लगभग चालीस किलोमीटर के दायरे में संवेदनशील इलाक़ों में निकाला गया। पैदल फ्लैग मार्च पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों एवं जवानों के साथ प्रातः साढ़े ग्यारह बजे सेंट्रल लायब्रेरी ग्राउंड से आरंभ होकर इतवारा, बुधवारा चौराहा, थाना तलैया चौराहा होते हुए लिली टॉकीज, जिंसी तिराहे होते हुए शब्बन चौराहा से होते हुए लाल परेड पर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च एक घण्टे में लगभग पांच किलोमीटर दायरे के संवेदनशील इलाक़ों में निकाला गया, जिसमें जिला पुलिस बल, त्त्क्र्स्त्र, स्त्र, समेत पांच सौ अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। वाहनों से फ्लैग मार्च पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में समस्त अधिकारियों एवं फोर्स के साथ लाल परेड मैदान से लगभग साढ़े बारह बजे प्रारम्भ हुआ, जो मालवीय नगर, रोशनपुरा होते हुए लिंक रोड एक, अर्जुन नगर तिराहे, पांच नंबर स्टॉफ, छः नंबर, सुभाष स्कुल होते हुए मानसरोवर तिराहा, प्रगति, बोर्ड ऑफिस, चेतक ब्रिज होते हुए, रचना नगर गौतम नगर, सुभाष नगर होते हुए प्रभात चौराहा से वापस ओवर ब्रिज होते हुए मैदा मिल, डीबी माल के सामने से होते हुए पुरानी जेल होते हुए वापस लाल परेड ग्राउंड पर समाप्त हुआ, जो लगभग पैंतीस किलोमीटर दायरे में रहा। फ्लैग मार्च में रुद्र, वज्र, थाना मोबाइल, जिप्सी, बस समेत लगभग सत्तर वाहन शामिल रहे, जिसमें जिला पुलिस बल, त्त्क्र्स्त्र, स्त्र के जवान समेत लगभग पांच सौ अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन को निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करना तथा शहर में सुरक्षा का माहौल बनाए रखना एवं गुंडों, बदमाशों तथा असामाजिक तत्वों में भय का माहौल उत्पन्न करना था, ताकि आमजन सुरक्षित महसूस करते हुए जिम्मेदार एवं जागरूक होकर निर्भीक व निष्पक्ष मतदान कर सके।

# सीखने को सार्थक और शिक्षण को आसान बनाती शिक्षण अधिगम सामग्री



**पत्रकार हेमंत शाक्या संपर्क सूत्र 6263301848**

प्राथमिक कक्षाओं के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री का होना बहुत जरूरी है ।विभिन्न प्रकार के नवाचारों के प्रयोग से शिक्षण को रोचक व प्रभावपूर्ण बनाया जा सकता है। इन सामग्रियों के द्वारा सीखा ज्ञान न केवल छात्रों में उत्साह जागृत करता है, वरन सीखे हुए ज्ञान को लंबे समय तक अपनी स्मृति पटल में संजोए रखता है । दूसरी ओर शिक्षक भी अपने अध्यापन के प्रति उत्साहित रहता है । परिणामस्वरुप कक्षा का वातावरण हमेशा सकारात्मक रहता है ।आज वही शिक्षक छात्रों के लिए आदर्श होता है, और उसी शिक्षक का शिक्षण आदर्श शिक्षण कहलाता है जो अपनी पाठ सामग्री को इन रोचक सहायक सामग्री के माध्यम से प्रस्तुत करता है। क्योंकि यह न केवल छात्रों का ध्यान केंद्रित करती है, बल्कि उन्हें उचित प्रेरणा भी देती है ।चाहे वह वास्तविक वस्तु हो चित्र, चार्ट या कोई तकनीकी उपकरण सभी से छात्रों के मस्तिष्क में एक बिंव निर्माण करता है हम कह सकते हैं कि वर्तमान शिक्षण के अंतर्गत अध्यापन में नवीनता लाने के लिए सहायक सामग्री का प्रयोग शिक्षक के लिए बांछनीय ही नहीं अनिवार्य भी है ।

**सुशील शर्मा, प्राथमिक शिक्षक एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर, जिला रायसेन**




# फूड सेफ्टी ऑफ़िसर के संयुक्त दल द्वारा एम पी नगर स्थित दो होटलों की खाद्य सामग्री संबंधी जांच की गई

भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन



अनुविभागीय अधिकारी एमपीनगर, तहसीलदार एमपीनगर , फायर ऑफिसर , फूड सेफ्टी ऑफिसर के संयुक्त दल द्वारा सोमवार को एमपी नगर स्थित होटल आर्च मिनार एवं निसर्ग फायर सिस्टम एवं खाद्य सामग्री संबंधी जांच की गई। जांच के दौरान पाया कि आर्च मिनार होटल में फायर सिस्टम की एनओसी नहीं पाई गई एवं फायर सिस्टम को ऑपरेट करने वाला ऑपरेटर उपस्थित नहीं पाया गया। किचन मे गंदगी पाई गई जिसे दुरुस्त करने के संबंध में उपस्थित मैनेजर को निर्देश दिए एवं एमपी नगर स्थित होटल निसर्ग की फायर सिस्टम एव फूड सेफ्टी संबंधी जांच की गई। जांच के दौरान पाया की होटल में फायर सिस्टम को ऑपरेट करने वाला ऑपरेटर उपस्थित नहीं है।सेकंड और थर्ड फ्लोर के फायर सिस्टम एक्टिव नही पाए गए, किचन मे गंदगी पाई गई एव फ्रीजर में कई दिन की कटी हुई सब्जी रखी पाई गई। कार्यवाही हेतु जिला कलेक्टर को रिपोर्ट भेजी जा रही।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षक की भूमिका

**पत्रकार हेमंत शाक्या संपर्क सूत्र 6263301848**

शिक्षकों से छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान देने की अपेक्षा की जाती है जिसमें उनके संज्ञानात्मक भावनात्मक शारीरिक और सामाजिक कल्याण शामिल हैं इसके लिए उन्हें विषय विशिष्ट ज्ञान प्रदान करने की पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़ने और शिक्षण के लिए अधिक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता होगी। शिक्षक कभी साधारण नहीं होता उसकी गोद में प्रलय और निर्माण एक साथ पलते हैं । विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक ही परिवर्तन ला सकता है नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों को रोजगार व स्वरोजगार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी नई शिक्षा नीति अपने आप में कई सकारात्मक परिवर्तनों से भरपूर है कई सुविधाएं हैं और अवसर हैं इन सभी को विद्यार्थियों तक पहुंचाने का कार्य शिक्षकों को करना है। भारतीय संस्कृति और दर्शन का विश्व में बड़ा प्रभाव रहा है




इस समृद्ध विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए ना सिर्फ सहेज कर संरक्षित रखने की जरूरत है बल्कि हमारी शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु शोध कार्यों को बढ़ावा देना चाहिए और नए-नए उपयोग भी सोचे जानी चाहिए प्राचीन काल से ही भारत वर्ष में शिक्षा व्यवस्था का केंद्र बिंदु शिक्षक या गुरु रहा है जिसके बिना जीवन का अर्थ समझ पाना संभव नहीं है गुरु को ईश्वर की श्रेणी में रखा गया है।

भारत में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाता है प्राचीन काल में जब विद्यार्थी गुरु के आश्रम में रहकर निशुल्क शिक्षा ग्रहण करता था तो इसी दिन श्रद्धा भाव से प्रेरित होकर अपने गुरु का पूजन करके उन्हें अपनी शक्ति सामर्थ्य अनुसार गुरु दक्षिणा देकर कृतकृत्य होता था आज भी इसका महत्व कम नहीं है गुरु की महिमा को महाकवि संत तुलसीदास ने अपने महाकाव्य रामचरितमानस में गुरु वंदना में किया है। ऋषि काल से ही देश में गुरु के महत्व की महत्व को कुछ इस तरह से दर्शाया गया है शास्त्रों में गु का अर्थ बताया गया है अंधकार या मूल अज्ञान और रू का अर्थ बताया गया है उसका निरोधक गुरु को गुरु इसलिए कहा जाता है कि वह अज्ञान तिमिर ज्ञान अर्थात अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरु कहते हैं गुरु को ईश्वर के समान समझा गया है ग्रंथों में इस बात का उल्लेख है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है एवं भारत की शिक्षा पद्धति को विश्व मानचित्र पर अंकित करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका है शिक्षक के द्वारा ही विद्यार्थियों को अपने ज्ञानरंजन के द्वारा निपुण बनाया जा सकता है एवं भारत की शिक्षा संस्कृति को विश्व पटल पर प्रदर्शित किया जा सकता है।

सुशील शर्मा
प्राथमिक शिक्षक
एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश

# बच्चे बोलते है कविता के माध्यम से जिले एवं राज्य, राजधानियों के नाम

**पत्रकार हेमंत शाक्या संपर्क सूत्र 6263301848**



**सुल्तानपुर।** शिक्षक के शिक्षण कार्य से प्रभावित वर्ष 2023 ग्रीष्म कालीन सत्र में नायब तहसीलदार ने दिए पंखे ऐसा ही सहगोय सभी प्रशासनिक अधिकारी करते रहें तो देश के विकास और शिक्षा में वृद्धि आवश्यक हो जायेगी। कहा जाता है कि संकल्प मजबूत है तो कोई भी काम कठिन नही है निपुण भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के नवाचारों के माध्यम से देश के नौनिहालों को गढ़ा जा रहा है नवाचारी शिक्षक सुशील शर्मा की मेहनत रंग ला रही है।शिक्षक द्वारा कविता के माध्यम से बच्चों को मध्य प्रदेश के जिलों के नाम एवं देश के राज्य और राजधानियों के नाम कविता के माध्यम से सिखाये गए है जिसे बच्चे कविता के माध्यम से रोचक तरीक़े से सुनाते है एवं उन्हें भी आनंद आता है नायब तहसीलदार सुश्री पलक पीढिया द्वारा शाला पहुँचकर शिक्षक एवं बच्चों की शिक्षण व्यवस्था से प्रभावित होकर बच्चों को गर्मी से निजात पाने के लिए उपहार स्वरूप पंखे भेंट किए गए। एवं शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा शिक्षक के क्षेत्र में शानदार प्रयास करने पर सराहना की गई।

**सुशील शर्मा, प्राथमिक शिक्षक**
**एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर, जिला रायसेन**

# एक वीडियो से खुला राज़ 2 दोस्तों संग टहलती दिखी काव्या पिता के फोन पर अपने हाथ पैर मुँह बंधे पिक भेज की 30 लाख की डिमांड

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

शिवपुरी की छात्रा का कोटा से अपहरण होने की खबर ने पूरे म.प्र को हिला दिया तो वहीं इस कहानी में एक दिलचस्प मोड़ जब ले लिया जिसमें यह सच्चाई सामने आई कि लडक़ी विदेश जाना चाहती थी। और इसी लालच में उसने अपनी ही अपहरण होने की कहानी रची। अपहरण के इस हैरत अंगेज मामले ने सभी के होश उड़ा दिए। शिवपुरी के बैराड़ के स्कूल संचालक के पास 18 मार्च को वॉट्सऐप पर बेटी काव्या धाकड़ के अपहरण की तस्वीरें आईं जिसमें काव्या के हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे और अपहरणकर्ता ने 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी।



कोटा में छात्रा के अपहरण की घटना सामने आने पर पुलिस फ़ौरन मामले की को सुलझाने में जुट गई। जब पुलिस ने मामले की जांच तो सामने आया कि छात्रा ने कोचिंग सेंटर में दाखिला तक नहीं लिया। इसके अलावा परिजन जिस हॉस्टल में बेटी के रहने की बात बता रहे हैं वहां से उसका कोई लेना देना तक नहीं है। जांच में एक के बाद एक कई खुलासे हुए जिसमें यह पता चला कि छात्रा अगस्त में अपनी मां के साथ कोटा आई और यहां पर एक कोचिंग सेंटर में दाखिला लेने के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म लिया था और एक हॉस्टल में रहने का तय किया जिसके बाद उसकी मां उसी दिन लौट गई थी। इसके बाद छात्रा पांच अगस्त तक कोटा में रही और फिर इंदौर चली गई। पुलिस ने जब मामले की जांच की तो पता चला कि छात्रा का अपहरण नहीं हुआ था और न वह कोटा में रह रही थी। काव्या ने अपने दो दोस्तों संग मिलकर अपहरण की झूठी कहानी तैयार की थी, क्योंकि वह और उसका एक दोस्त विदेश में पढ़ाई करना चाहते थे और उसके लिए पैसों की जरूरत थी। समाचार मिलने तक कोटा पुलिस ने छात्रा के साथ एक साथी को पकड़ लिया है तथा छात्रा व उसका एक अन्य साथी फरार है।

# साफ सफाई हेतु तीन वर्षों से पहल समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा हैं स्वच्छता अभियान



**हेमंत शाक्या**

स्वयंसेवक व समाजसेवी ओर शिक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार तथा एडवोकेट व लेखक हेमंत शाक्या द्वारा पिछले तीन वर्षों से यह है साफ सफाई अभियान स्वच्छता हेतु चलाया जा रहा है।स्वयंसेवक व समाजसेवी ओर शिक्षक एवं लेखक हेमंत शाक्या द्वारा पिछले तीन वर्षों से यह है स्वच्छता अभियान साफ सफाई हेतु चलाया जा रहा है। किसी भी शहर ओर गांव में तथा शहरियों, ग्रामीणों तथा क्षेत्रवासियों को किसी भी तरह की समस्याएं न झेलनी पड़े इस हेतु समाज सेवा का जितना कार्य हो सकता है उतना कार्य पूर्ण निष्ठा व लगन से किया करते हैं। ग्राम पंचायत खमरिया सोहनपुर में अभी वर्तमान में रोडो पर नालियों के जमावड़े होने के कारण पानी रोड पर आने लगा इसे देखते हुए जब किसी ने कोई भी सफाई कार्य नहीं किया तब नालियों की साफ सफाई का जिम्मा स्वयं ही उठा लिया नालियों की साफ सफाई पूर्ण की और ग्रामीणों को संदेश दिया कि वह भी नालियों को स्वच्छ व रखें और अपने घर के साथ समक्ष भी साफ-सफाई बनाए रखें। जिससे ग्राम की सुंदरता भी बनी रहे। जिसमें बाद में सफाई कार्य को देखते हुए ग्राम पंचायत तथा समस्त ग्रामवासियों का सहयोग भी प्राप्त हुआ ।



# शिक्षा के आधार को सुदृढ़ करते नवाचार

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता कर चुके है प्राथमिक विद्यालय के छात्र**

**पत्रकार हेमंत शाक्या संपर्क सूत्र 6263301848**



सुल्तानपुर। आधारभूत शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ बनाना है तो शिक्षा में नवाचार जरूरी है । शासकीय प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में पदस्थ शिक्षक सुशील शर्मा गतिविधि आधारित नवाचारों के माध्यम से बच्चों को सीखने सिखाने का कार्य कर रहे हैं। खेल खेल में शिक्षा ,अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओं को दैनिक नवाचारों में शामिल किया गया है ।जिसके द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। रंगोली, मेंहदी, गीत, नृत्य आदि को शैक्षणिक गतिविधियों में जोड़ा गया है ।विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा को बिखरने का मंच प्रदान किया जाता है । यहाँ तक की शिक्षक सुशील शर्मा के स्वयं के व्यय से वर्ष 2015 , 2016 में राज्यस्तरीय गीत प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राएँ कु. सपना जाटव एवं कु. संध्या केवट ने भोपाल पहुँचकर अपनी प्रस्तुति दे चुकी है । शिक्षक द्वारा निपुण भारत अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक मंचों पर बच्चों की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

# शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए बच्चों को पढ़ाया जा रहा है निशुल्क



**संवाददाता हेमंत शाक्या संपर्क सूत्र 6263301848**

ग्राम आफत नगर में पिछले तीन माह से निशुल्क कोचिंग लगाई जा रही है जिसमें 35 से 40 बच्चों के समकक्ष संख्या है विद्यार्थियों को धर्म शिक्षा संस्कार लोकगीत कला खेलकूद इत्यादियों में प्रेरित किया जा रहा है और सिखाया जा रहा है आदिवासी अंचलों में बच्चों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ताकि बच्चें अभी से कुछ सीख सकें। उनके भविष्य में महत्त्वपूर्ण योगदान व सहायक रहेगा।

# स्वच्छता की अलख जगाने आगे आया युवक, फिर ग्रामीण भी हुए शामिल

सुल्तानपुर | ग्रामीण अंचलों में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए स्वयंसेवक हेमंत शाक्या आगे आया है। जो गांव गांव जाकर लोगों को गांवों में स्वच्छ वातावरण से लेकर स्वच्छ गांव रखने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसके लिए वह पहले स्वयं नाले नालियों की सफाई करता है इसके बाद लोगों के लिए भी इसके लिए प्रेरित करता है ताकि वह भी कम से कम अपने आसपास की सफाई कर सकें। स्वयंसेवक शाक्या द्वारा पिछले तीन वर्षों से स्वच्छता अभियान चला रहा है। इसको लेकर उनकी सोच है की गांव में किसी प्रकार की गंदगी व्याप्त न हो हमारा गांव साफ और स्वच्छ रहे।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला चीकली में परीक्षा संपन्न हुई

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़...!

देवरी। उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा दिनांक 17/ 3/ 2024 परीक्षा केंद्र क्रमांक 7050 परीक्षा केंद्र एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला चीखली में प्रातः 10ः00 बजे से 5ः00 तक संपन्न की गई। केंद्र एवं प्रदेश से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसमें ऐसे अशिक्षित व्यक्तियों को चिन्हित कर साक्षर किया जाता है जो पढ़े-लिखे नहीं है। एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला चीखली में परीक्षा संपन्न की गई, जिनमें असाक्षर साथी महिला 23 पुरुष 7 कुल परीक्षार्थियों की संख्या 30 में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का लक्ष्य 2027 तक संपूर्ण भारत में सभी को साक्षर करना है। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के ब्लॉक समन्वयक श्री विनोद दुबे के संचालन में यह परीक्षा संपन्न की गई। परीक्षा के दौरान ब्लॉक समन्वयक श्री विनोद मरकाम शाला प्रभारी नोडल/साक्षरता नोडल श्री नारायण सिंह रघुवंशी, शिक्षक श्रीमती नीता ठाकरे श्री पी. एस. पटेल, श्री महेश कुमार साक्षर साथियों में श्री बृजेश नामदेव, हल्केवीर, मेहरबान, विनीता आदि उपस्थित रहे।



## मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय में किया गया।




**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़...!**

उदयपुरा। आज शासकीय महाविद्यालय उदयपुरा में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाताओं / नवीन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता और मतदान की थीम पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया, जिसमें स्वीप प्रभारी श्री ओ.पी वर्मा तथा नवीन मतदाताओं और महिला मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित कर उद्बोधन दिया। अपने मत का सदुपयोग करने को कहा और देश हित में मतदान करने की बात कही। उक्त नाटक की प्रस्तुति पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अन्नु बड़कुड़ और ग्रंथपाल श्री सत्येंद्र कुमार आठिया द्वारा नुक्कड़ नाटक की सराहना की गई और नुक्कड़ नाटक के कलाकार छात्रा मुस्कान मांझी बीए तृतीय वर्ष, प्राची धाकड़, रामेति कुशवाहा बीए द्वितीय वर्ष, रागिनी, नीलम कुशवाहा काजल जैन बीए प्रथम वर्ष, सुभद्रा धानक, रितिका,निर्मला अहिरवार आदि छात्राओं के नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भारतीय बेरोजगार संघ के संस्थापक कोमल अहिरवार ने भारतीय संविधान बचाने एवं मतपत्र से चुनाव करवाने पद यात्रा की

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

दमोह। भारतीय बेरोजगार संघ के संस्थापक कोमल अहिरवार ने बेरोजगार युवाओं के साथ डॉ अम्बेडकर चौक से पद यात्रा प्रारम्भ कलेक्ट्रेट दमोह मे समापन हुई जहाँ दमोह कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्टपति के नाम ज्ञापन सौपा इस मौक़े पर कोमल अहिरवार ने आगामी लोकसभा चुनाव मतपत्र से करवाने एवं नरेंद्र मोदी के इशारे पर 400पार कर संविधान बदलने की बात करने वाले संविधान विरोधी की भाजपा के सांसद अंनत कुमार हेगड़े पर रासुका लगाते हुये भारतीय संविधान को भाजपा से बचाने की अपील की और कहाँ अगर मतपत्र से अगर चुनाव नहीं हुआ तो हम चुनाव का बहिष्कार करेंगे..इस पद यात्रा मे मुख्यरूप से झांकी आकर्षित रही जिनमे सबसे आगे संविधान की बुक, उसके पीछे मतपत्र से वोट करते युवा की झांकी उसके सभी धर्म को बचाने एवं भारत माता को बचाने की झांकी बड़ी शोभनीय थी...इस मौक़े पर गोडवाना गणतंत्र पार्टी के



जिलाध्यक्ष मनुशाह मरावी एवं जयस के जिलाध्यक्ष श्यामलाल सिंह ने अपने साथियो के साथ पद यात्रा का समर्थन किया.. पद यात्रा मे प्रखर वक्ता के रूप मे अजय अहिरवार, धनसींग गौड़ रहे.. फारुख खान ने पद यात्रा मे शामिल हुये सभी साथियो का आभार व्यक्ति किया.. इस मौक़े पर पूर्व पार्षद बिन्दु जी, रिटायर्ड फौजी महाराजा सींग गौड़,संदीप अहिरवार, हरवेंद्र बौद्ध, प्रदीप अहिरवार, पुष्पेंद्र पटेल संतोष अहिरवार, करण अहिरवार, तुलाराम अहिरवार,सूरज जाटव, रमेश अहिरवार, पुष्पेंद्र अहिरवार, अभय अहिरवार,मनीष अहिरवार, अनिल अहिरवार, एम एस मरकाम, सतेन्द्र गौड़, राकेश गौड़, राघवेन्द्र गौड़, कुणाल, दिलीप, जीतेन्द्र,उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत चीकली में पानी की समस्या के निराकरण के साथ, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत हाथीढोल में कार्यक्रम के दौरान भाजपा में हुए शामिल।

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़....!**

देवरी। ग्राम पंचायत चीकली (टोला) में बरसों से चली आ रही पानी की समस्या के संभव निराकरण के लिए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने हेडपंप के



निर्माण के लिए स्थानीय सरपंच देवेंद्र पटेल के साथ भूमि पूजन किया, साथ ही भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर कई सरपंचों ने एवं जनपद सदस्य,एवं कई कांग्रेसी कार्य कर्ताओं ने कांग्रेस छोड़ ली भाजपा की सदस्यता श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल लोक स्वस्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्री के कार्य, व्यवहार एवं कार्य कर्ताओं के प्रति समर्पण भाव से प्रभावित होकर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए चौधरी दिनेश धाकड़ सरपंच खिरेटी, जसवंत सिंह बारीवा सरपंच कटक,डोमल सिंह सरपंच हाथीडोल,सुरेश पटेल



सरपंच इटुआ, वैनीप्रसाद सरपंच बरखंदा,रोशन सिंह जनपद सदस्य हाथीडोल,रामेश्वर धुर्वे सरपंच पड़रई खुर्द, शंकर सिंह आदिवासी सरपंच पतई, सुरेश धाकड़ सरपंच इटुआ, परषोतम सिंह लोधी पूर्व सरपंच जमुनिया , शछत्तर सिंह आदिवासी पंच हाथी ढोल ,प्रताप सिंह पंच हाथी ढोल ,अशोक सिंह डीलर, बृजेश मरकाम, दोरजी सिंह मरकाम, राम बाबूजी धुर्वे, पप्पू सिंह जी नावरे,रामस्वरूप जी उइके,शिव प्रसाद जी धाकड़ ,प्रबंधन जी धाकड़ ,सूरज सिंह जी धाकड़ रमेश सिंह, सरदायम मुकदम भैयाराम मरकाम, देवी सिंह एंव ग्राम हाथी डोल, कटक, ईटुआ, रबरा आदी कई ग्रामों के ग्राम वासी पंच एंव पूर्व सरपंचो ने भाजपा का दामन थामा ।

## लाइट की भारी समस्या ग्रामीण हो रहें है परेशान समय से नहीं मिल रही बिजली

**पत्रकार हेमंत शाक्या संपर्क सूत्र 6263301848**




ग्राम खमरिया सोहनपुर लाइन ओर कोंडरी लाइन चोरा कमरोरा लाइन में लाइट की समस्या काफी ज्यादा मंडरा रही है जिससे लोग पानी बिजली समस्या से जूझ रहे हैं, जहां फीटर बना हुआ है वहां तो उस एरिया में भरपूर लाइट है लेकिन जहां से लाइट कनेक्शन या जहां से लाइन गई हुई है वहां पर काफी ज्यादा समस्याएं हो रही हैं ।ग्रामीणों को ही बिजली विभाग में लोकल के ही कर्मचारी लगे हुए हैं जो अपनी मनमानी कर रहे हैं लाइट में हेर फेर की समस्या सदैव बनी रहती है ऐसे ही मनमानी चलती रही तो समस्या और भी गहरा सकती है।

## काश! लिफ्ट से जाने की मानी होती बात तो बच सकती थी मासूम की जान, हादसे से पहले महिला गार्ड ने कही थी ये बात



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पंडरी सिटी सेंटर माल में मंगलवार की शाम हुए दिल दहला देने वाले हादसे ने सबको झकझोर कर रख दिया है। शहर में बुधवार को यह हर किसी के बीच चर्चा का विषय बना हुआ था। हादसे का वीडियो जो भी एक बार देखता, वह भगवान से मासूम राजवीर के लिए दुआ मांगता। लोगों ने कहा कि भगवान काश, कुछ ऐसा कर देते कि पांच माह 15 दिन के मासूम की जान बच जाती, लेकिन उससे भी बड़ी बात नईदुनिया की टीम को तब पता चली, जब वह बुधवार को माल में पहुंची। जी हां, जब मासूम के स्वजन एस्केलेटर पर चढ़ रहे थे, उस दौरान अगर वहां महिला गार्ड की बात मान लिए होते तो शायद हादसा नहीं होता। गार्ड ने कहा था कि आप लोग बच्चों के साथ हैं, इसलिए लिफ्ट से ऊपर चले जाएं, लेकिन मासूम के स्वजन ने बात नहीं सुनी और एस्केलेटर से बच्चों के साथ चढ़ने लगे। काश! लिफ्ट से जाने की मानी होती बात तो बच सकती थी मासूम की जान, हादसे से पहले महिला गार्ड ने कही थी ये बातकाश! लिफ्ट से जाने की मानी होती बात तो बच सकती थी मासूम की जान, हादसे से पहले महिला गार्ड ने कही थी ये बात बुधवार को माल में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम देखने को मिले। माल प्रबंधन द्वारा एस्केलेटरों के ऊपर और नीचे तरफ गार्ड तैनात किए थे, लेकिन इसके बाद भी लोगों के बीच लापरवाही देखने को मिली। लोग गार्डों की बातें मानने को तैयार नहीं थे। मनमाने तरीके से ही हाथ छोड़कर एस्केलेटर का उपयोग कर रहे थे। हालांकि मंगलवार को हादसे दौरान भी गार्ड एस्केलेटर के पास मौजूद थी। प्रबंधक के एसओ जावेद खान ने बताया कि एस्केलेटर में और ज्यादा सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। हादसे के बाद अब पुलिस सभी माल का निरीक्षण करेगी और सुरक्षा इंतजाम को जांचेगी।

## आचार संहिता का महतारी वंदन योजना की किस्त पर नहीं पड़ेगा असर, हर महीने मिलेगी राशि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाओं को आवेदन करने के लिए करीब तीन माह का इंतजार करना पड़ेगा। लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता हटने के बाद ही नए आवेदन लिए जाएंगे। योजना की पहली किस्त का लाभ लेने वाली महिलाओं के लिए खुशखबर है कि हर महीने योजना की किस्त की राशि का एक हजार रुपये मिलेगा। आचार संहिता का योजना की किस्त पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, योजना से जुड़े कुछ कर्मचारियों का कहना है कि किस्त जारी करने के लिए विभाग को चुनाव आयोग से मंजूरी लेनी पड़ेगी। इसके बाद ही अगले माह की किस्त संभव है। दरअसल, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगते ही महतारी वंदन योजना को लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए थे। अगले माह की किस्त को लेकर भी लोगों के मन में भ्रम पैदा होने लगा था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्च को महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को एक-एक हजार रूपये डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया गया था। प्रदेश की 68.53 लाख महिलाओं के खातों में 636.44 करोड़ रूपये का भुगतान पहली किस्त के रूप में किया गया था। योजना के तहत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह के दर से वर्ष में 12 हजार रूपये बैंक खातों में अंतरित किए जाएंगे।




### आवेदन में खाता नंबर दिए गलत

महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने के लिए विभाग की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। पहली किस्त के लिए आवेदन देने और अंतिम सूची में नाम होने के बावजूद राशि से वंचित महिलाओं के खातों की जांच की जा रही है। 40 से ज्यादा महिलाओं के खाता नंबर ही गलत मिले हैं। हालांकि, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड से मिलान कर राशि जारी करने का प्रयास किया जा रहा है। योजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि बहुत सी महिलाओं ने खाता नंबर तो दिया है लेकिन उनका आधार लिंक किसी दूसरे खाते से है। कुछ महिलाओं ने काफी पुराना खाता नंबर दिया है, जो आधार से लिंक ही नही है। महिला एंव बाल विकास विभाग की संचालक तुलिका प्रजापति ने कहा, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू होने के कारण नए आवेदन नहीं लिए जा सकते हैं। जब सरकार अगले चरण का निर्णय लेगी तो दोबारा आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू होगी। पहले किस्त के लाभार्थियों को राशि निरंतर जारी रहेगी।

# कांगो हमले में आठ शांति सैनिक घायल

गोमा, एजेंसी



कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के कम से कम आठ शांति सैनिक (मोनुस्को) शनिवार को एक हमले में घायल हो गए।मोनुस्को ने शनिवार देर रात प्रकाशित एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह हमला पूर्वी प्रांत उत्तरी किवु की राजधानी गोमा से लगभग 20 किमी दूर स्थित साके शहर में हुआ।मोनुस्को की प्रमुख बिंटौ कीता ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि पीड़ितों में से एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

ब्लू हेलमेट को कई हफ्तों से उत्तरी किवु में ऑपरेशन स्प्रिंगबॉक के हिस्से के रूप में तैनात किया गया है, जहां मोनुस्को और डीआरसी सशस्त्र बल (एफएआरडीसी) सशस्त्र समूहों, विशेष रूप से 23 मार्च आंदोलन (एम23) के विद्रोह का मुकाबला करने के लिए संयुक्त कार्रवाई कर रहे हैं।सुकीता ने नागरिकों के खिलाफ सभी सशस्त्र समूहों की हिंसा को तत्काल रोकने का आह्वान करते हुए नागरिक आबादी की रक्षा के लिए एफएआरडीसी के साथ संयुक्त और एकतरफा गश्त को मजबूत करने के लिए मोनुस्को की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा, ₹मैं विशेष रूप से एम23 सशस्त्र समूह से हथियार डालने का आह्वान करती हूं।

# अमेरिका-ब्रिटेन के नौसैनिकों ने यमन के बंदरगाह शहर पर हवाई हमले किए

सना, एजेंसी

यमन के बंदरगाह शहर होदेइदाह पर अमेरिका और ब्रिटेन के नौसैनिक बलों ने शनिवार देर रात चार हवाई हमले किए।

हौथी-नियंत्रित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी है।

टीवी चैनल के अनुसार, हमलों में शहर के दक्षिणी जिले दुरयहीमी को निशाना बनाया गया। हमलों में हताहतों या क्षति के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई है।

हौथी ने पिछले साल नवंबर से गाजा पट्टी में इजरायली हमलों के प्रतिशोध को अपना मकसद बताते हुए, लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले शुरू कर दिए हैं।

इसके जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने जनवरी के मध्य से यमन में हौथी ठिकानों के खिलाफ हवाई और मिसाइल हमले किए।



# चीन के जंगल में लगी आग से निपटने के लिये पहुंचे दमकलकर्मी

**बीजिंग, एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में जंगल की आग से निपटने के लिए 775 अतिरिक्त दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे है। शनिवार देर रात दो बजे तक 930 लोगों को पहले ही भेजा जा चुका था। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कई स्थानीय निवासियों ने रविवार की सुबह बताया कि आग काउंटी सीट से दिखाई नहीं दे रही है और पानी, बिजली और संचार सेवाएं अप्रभावित रहीं।तिब्बती स्वायत्त प्रान्त गारज़े के याजियांग काउंटी के बैजी गांव में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे आग लग गई। गारज़े में जंगल और घास के मैदान की आग की रोकथाम और नियंत्रण के मुख्यालय ने कहा, हवा की गति में अचानक वृद्धि के कारण, यह तेजी से अन्य क्षेत्रों में फैल गयी है। आग बुझाने के लिए आठ हेलीकॉप्टरों को तैनात किया गया। सूत्रों ने याजियांग में लियानघेकौ जलविद्युत स्टेशन के एक स्टाफ सदस्य के हवाले से बताया कि आग से स्टेशन प्रभावित नहीं हुआ है।

# इजरायल में जल्द चुनाव की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी

**विरोध**

- **विरोध प्रदर्शन सरकारी इमारतों के परिसर के पास हो रहा है, जहां इजरायली रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय स्थित है....**

तेल अवीव, एजेंसी



इजरायल में जल्द चुनाव कराने और गाजा पट्टी से फिलिस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के समझौते को तत्काल पूरा करने की मांग को लेकर यहां हजारों लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे है।

सूत्रों ने बताया कि विरोध प्रदर्शन सरकारी इमारतों के परिसर के पास हो रहा है, जहां इजरायली रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय स्थित है। शहर के केंद्र में यातायात को रोकने और अवरोधक लगाने के लिए पुलिस बल को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। प्रदर्शन अब शांतिपूर्वक जारी हैं, लेकिन अधिक से अधिक लोग प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी राष्ट्रीय झंडे पकड़े हुए हैं और शनिवार से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगा रहे हैं।

गाजा पट्टी में हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायली बंधकों के समर्थन में रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय के पास एक सामूहिक प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें मांग की गई है कि इजरायली सरकार एक समझौते पर पहुंचे और बंधकों को मुक्त कराए।

यह विरोध प्रदर्शन गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच संघर्ष के बीच हो रहा है। उल्लेखनीय है कि गत सात अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए हमले के जवाब में इजरायल ने फिलिस्तीनी क्षेत्र में एक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें लगभग 1,100 इजरायली सैन्य कर्मी और नागरिक मारे गए और 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इजरायल की सैन्य कार्रवाई में गाजा पट्टी में 31,500 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 76,000 से अधिक घायल हुए हैं। 24 नवंबर को, कतर ने इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते में मध्यस्थता की। युद्धविराम को कई बार बढ़ाया गया और एक दिसंबर को समाप्त हो गया। गाजा में 100 से अधिक बंधक अभी भी हमास के पास हैं।

# इज़रायल ने दमिश्क में कई स्थानों पर हमला किया

दमिश्क,एजेंसी



सीरिया की राजधानी दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में इजरायल ने मिसाइलों से शनिवार देर रात के बाद कई स्थानों पर हमला किया। यह जानकारी मानव अधिकारों के लिए सीरिया वैधशाला ने दी है। उन्होंने बताया कि कम से कम दो स्थानों पर हमला किया गया जिनमें एक सीरियाई सैन्य बलों द्वारा उपयोग किए जाना वाला सैन्य प्रतिष्ठान है और दूसरा दमिश्क के उत्तरी ग्रामीण इलाके में कलामौन बीहड़ क्षेत्र में एक इंजीनियरिंग बटालियन के पास है।

वैधशाला के अनुसार हमलों से बड़े पैमाने पर विस्फोट हुए। ये हमले सीरिया के खिलाफ इजरायली सैन्य कार्रवाइयों में नवीनतम वृद्धि का प्रतीक हैं।

वैधशाला के अनुसार, इस साल अब तक 16 इजरायली हवाई हमले और आठ जमीनी अभियान दर्ज किए गए हैं।

# शिकागो के अधिकारियों ने आश्रय स्थलों से प्रवासियों को निकालने की योजना बनाई

शिकागो,एजेंसी

अमेरिका में शिकागो के अधिकारियों ने इस शनिवार से भीड़भाड़ वाले आश्रयों से गैर-दस्तावेज प्रवासियों को धीरे-धीरे बाहर निकालने की योजना बनाई है।

अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी। फॉक्स न्यूज के अनुसार, संबंधित निर्णय पहले शहर के मेयर ब्रैंडन जॉनसन द्वारा किया गया था, लेकिन ठंड के मौसम के कारण नवंबर 2023 से इसके कार्यान्वयन में बार-बार देरी हो रही थी। गत शुक्रवार को जॉनसन ने फैसला किया कि पहले 35 अनिर्दिष्ट प्रवासियों को शहर के आश्रय स्थलों से बेदखल कर दिया जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले हफ्तों में अन्य 5,600 प्रवासियों को बेदखल कर दिया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि निकाले गए प्रवासियों को शहर के बाहरी इलाके में एक विशेष रूप से सुसज्जित क्षेत्र में रखा जाएगा, जो अस्थायी आश्रय के रूप में काम करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वे सिटी शेल्टर में बिस्तर के लिए फिर से आवेदन कर सकेंगे। शिकागो ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक लगभग 11,200 प्रवासियों को शिकागो में रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शहर में बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों की आमद चरम पर पिछले साल दिसंबर में हुई तब उनकी संख्या 14,900 तक पहुंच गई।

**रिमोट | इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली के निगरानी पोर्टल के खिलाफ 30,000 हमले**

# रूस ने रिमोट मतदान प्रणाली पर साइबर हमलों को किया अवरुद्ध

**कोवालेव ने कहा**

- **हम देखते हैं कि अधिकांश सर्वर जहां से हमले होते हैं, वे अमेरिका और ब्रिटेन में स्थित हैं, कम से कम इसी तरह से उनका पता लगाया जाता है।**

मॉस्को, एजेंसी



रुस ने अपने रिमोट इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली पर लगभग 160,000 साइबर हमलों को अवरुद्ध कर दिया है।

रूसी चुनाव अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

रूसी केंद्रीय चुनाव आयोग के प्रमुख एला पामफिलोवा ने कहा, हमले मुख्य रूप से मतदान पोर्टल की ओर निर्देशित थे, रिमोट इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली के निगरानी पोर्टल के खिलाफ 30,000 हमले किए गए थे।

पामफिलोवा ने कहा कि साइबर हमले की गतिविधि शुक्रवार की तुलना में शनिवार को काफी बढ़ गई और विफलताओं में समाप्त हुई।

मॉस्को में चुनाव निरीक्षण के लिए सार्वजनिक मुख्यालय के प्रमुख वादिम कोवालेव ने शनिवार को कहा कि मॉस्को की सूचना प्रणालियों पर साइबर हमलों का पता अमेरिका और ब्रिटेन से लगाया गया है।

कोवालेव ने कहा, हम देखते हैं कि अधिकांश सर्वर जहां से हमले होते हैं, वे अमेरिका और ब्रिटेन में स्थित हैं, कम से कम इसी तरह से उनका पता लगाया जाता है। रूस में आठवां राष्ट्रपति चुनाव 15-17 मार्च को होना है। रिमोट इलेक्ट्रॉनिक मतदान पहली बार देश के कुछ हिस्सों में शुरू किया गया है।

# क्या आपके बच्चे भी करते हैं करेला खाने में आनाकानी



करेला हमारी सेहत के लिए काफी लाभकारी होता है। अपने कड़वे स्वाद की वजह से लोग अक्सर इसे खाने से परहेज करते हैं। खासकर बच्चे अक्सर इसे खाने में नखरे दिखाते हैं। ऐसे में बच्चों को करेला खिलाना पेरेंट्स के लिए मुश्किल हो जाता है। अगर आप भी इस वजह से अक्सर परेशान रहते हैं तो करेले की इन डिशेज को ट्राई कर सकते हैं।

करेला एक ऐसी सब्जी है, जो हम में से कम ही लोगों को पसंद आती है। खासकर बच्चों को तो यह बिल्कुल पसंद नहीं आती। करेले के कड़वे स्वाद के कारण लोग इसे पसंद नहीं करते। हालांकि ये सेहत के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है। करेले में आयरन, पोटैशियम, जिंक, विटामिन-सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में मदद करते हैं। करेला डायबिटीज के मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

ऐसे में जरूरी है कि इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाए। अगर आप या आपके बच्चे करेला खाने से नाटक करते हैं, तो आज हम आपको करेले की कुछ ऐसी टेस्टी डिशेज के बारे में बताएंगे, जिन्हें खाने से जो करेला नहीं खाता वह भी इसे खाना शुरू कर देगा। आइए जानते हैं करेले से बनी कुछ टेस्टी डिशेज-

**भरवां करेला**

भरवां करेला बनाना आसान भी है और ये काफी टेस्टी सब्जी है। इसे मसाले भरकर अच्छी तरह से फ्राई करके बनाया जाता है, जो खाने का स्वाद बढ़ा देती है। भरवां करेला कड़वा भी नहीं लगता है। रोटी और पराठे के साथ इसका स्वाद लाजवाब लगता है।

**दही करेला**

आपने दही आलू जरूर खाया होगा। उसी तरह दही करेला भी बनता है, जो खाने में बेहद टेस्टी होता है। दही डालने से इसका स्वाद और बढ़ जाता है और इसका कसेलापन भी दूर हो जाता है। इसे लंच में बनाकर जरूर ट्राई करें।

**करेला फ्राई**

करेला फ्राई खाने में कुरकुरी और क्रंची होती है, इसलिए बच्चों को ये पसंद आती है। करेला फ्राई को रोटी या दाल-चावल के साथ आसानी से खा सकते हैं। इसे लंच या डिनर में बनाकर जरूर ट्राई करें।

**करेला चिप्स**

चिप्स हर किसी को पसंद आते हैं। ऐसे में आप इस बार पोटेटो चिप्स की बजाय करेला चिप्स ट्राई करें। ये शाम की चाय के साथ खाने में बहुत टेस्टी लगेंगे। इसके ऊपर जरा सा चाट मसाला छिड़ककर खाएं, तो इसका टेस्ट और बढ़ जाएगा।



# मावा नहीं अब चॉकलेट से बनाएं स्वादिष्ट गुजिया

होली का त्यौहार हिन्दुओं का प्रमुख त्यौहार में से एक है। 25 मार्च को यह त्यौहार पूरे देश में मनाया जाएगा। रंगों का यह त्योहार हमारे देश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। अब त्यौहार है तो ज़ाहिर सी बात है उस दिन भी पकवान भी बनाए जाएंगे। होली के दिन एक से बढ़कर एक पकवान बनाए जाते हैं, लेकिन गुजिया की बात ही कुछ और है। दरअसल, भारत के ज़्यादातर राज्यों में होली के दिन गुजिया बनाने का रिवाज है। मुंह में घुल जाने वाले इस पकवान का स्वाद लोगों को बहुत पसंद आता है। वैसे तो लोग ज़्यादातर मावा, मैदा, सूजी का गुजिया खाना पसंद करते हैं लेकिन आप इसे कई तरीकों से बना सकते हैं। इसलिए आज हम आपको चॉकलेट से गुजिया बनाने का तरीका बताएंगे। चॉकलेट का ये गुजिया आपके बच्चों को बेहद पसंद आएगी। चलिए हम आपको बताते हैं आप इसे मिनटों में कैसे बनाएं?

**चॉकलेट गुजिया बनाने का तरीका**

चॉकलेट गुजिया बनाने के लिए सबसे पहले एक कड़ाही में घी को डालें और उसे गर्म करें। अब इस कड़ाही में सूजी को डालकर ब्राउन होने तक भूनें। इसके बाद उसमें खोया, चीनी, नारियल को डालकर और अच्छे से भून लें। अब इसके बाद गैस को बंद कर लें। अब एक बर्तन में मैदा को अच्छी तरह से गूंथ लें। अब उसके बाद मैदे की लोई लें और उसे बेलें। अब उसके बाद बड़ी लोई को सांचे में रखें और उसमें तैयार किया हुआ मसाला भरें और किनारो को सील करें। अब वापस गैस ऑन करें और कड़ाही में तेल डालें और उसे गर्म करें। गर्म होने के बाद गुजिया को डालकर डीप फ्राई करें। अब गुजिया के ऊपर चॉकलेट क्रीम डालकर सर्व करें। अगर आपको कुछ अधिक ही मीठा पसंद है तो चाशनी में गुजिया को डाल सकते हैं।

# फूलों की मदद से तैयार करें होली के लिए नेचुरल लाल, नीले, पीले रंग के गुलाल





**होली का फेस्टिवल इस साल 25 मार्च को मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। रंग व गुलाल के बिना होली का त्योहार पूरा नहीं होता लेकिन मार्केट में मिलने वाले केमिकल बेस्ड कलर्स स्किन और सेहत को पहुंचा सकते हैं नुकसान तो इससे बचने के लिए आप घर पर ही नेचुरल कलर्स तैयार कर सकती हैं इन फूलों की मदद से।**

होली खुशियों का त्योहार होता है। लोग आपस में गले मिलकर, एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर ये त्योहार मनाते हैं। गुलाल और रंगों के बिना होली का त्योहार अधूरा है। मार्केट में मिलने वाले रंग केमिकल से भरे होते हैं, जो आपके स्किन और बालों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इनसे रैशेज, खुजली की समस्या हो सकती है, तो अगर आप होली फेस्टिवल को अच्छे से एन्जॉय करना चाहते हैं, तो नेचुरल कलर्स का ऑप्शन चुनें। प्राकृतिक रंग हर तरह से सेफ होते हैं। इनसे आंख, नाक, कान व गले को कोई नुकसान नहीं होता। और तो और इनसे पानी की भी बचत होती है। वैसे आप घर पर भी नेचुरल कलर तैयार कर सकती हैं इन फूलों की मदद से।

**1. अपराजिता**

नीले रंग के खूबसूरत अपराजिता के फूल को आप नीला गुलाल बनाने में इस्तेमाल कर सकते हैं। आप इससे सूखा गुलाल और रंग दोनों बना सकते हैं।

**2. गेंदे के फूल**

गेंदे के फूलों का इस्तेमाल शादी, फेस्टिवल्स में सजावट से लेकर नेचुरल कलर्स बनाने तक में भी कर सकते हैं। पीले, नारंगी और लाल रंग के गेंदे से आप पूरे तीन रंग तैयार कर सकते हैं।

**3. गुड़हल**

गुड़हल या हिबिस्कस के फूल तो इतनी कलर्स में अवेलेबल हैं कि आप हर एक से एक नया रंग तैयार कर सकते हैं। लाल, गुलाबी, सफेद, पीले, पिंक कलर के गुड़हल होली के लिए नेचुरल गुलाल बनाने का बहुत ही बेहतरीन ऑप्शन हैं।

**4. पलाश**

होली के नेचुरल कलर्स बनाने में पलाश के फूलों का भी बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। पलाश के फूल भी लाल, पीले और नारंगी रंग के होते हैं, तो आप इनसे ये तीनों रंग तैयार कर सकते हैं। स्किन फ्रेंडली होने के साथ ही ये खुशबूदार भी होते हैं।

**5. गुलदाउदी**

बसंत के मौसम में खिलने वाले गुलदाउदी के फूलों से भी नेचुरल कलर तैयार किया जाता है। इसमें भी कलर्स की बहुत वैराइटी होती है। मतलब आप घर में ही कई तरह के गुलाल बना सकते हैं।

**6. गुलाब**

होली के लिए सुर्ख लाल रंग का गुलाल चाहिए, तो गुलाब के फूलों से इसे तैयार कर सकते हैं।

प्राकृतिक रंग व गुलाल के फायदे

- इससे एलर्जी वाले व्यक्तियों को भी कोई नुकसान नहीं होता।
- आंखों या मुंह में जाने के बाद भी कोई दिक्कत नहीं होती।
- नाक, कान व गले के लिए किसी भी तरह से नुकसानदायक नहीं।

# Ras Malai को सबसे बेहतरीन चीज डेजर्ट का खिताब

रस मलाई का नाम तो आपने सुना ही होगा। यह मिठाई इतनी स्वादिष्ट होती है कि कई लोगों की यह पसंदीदा मिठाइयों में से एक होती है। कई त्योहारों या इवेंट्स पर भी इस मिठाई को खूब खाया जाता है। इस मिठाई का स्वाद इतना लाजवाब होता है कि हाल ही में रस मलाई को Taste Atlas द्वारा जारी "Top 10 Best Cheese Dessert" की सूची में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। पहले स्थान पर पोलैंड की सर्निक (Sernik) नाम की एक मिठाई है, जो एक खास प्रकार के कर्ड चीज से बनाई जाती है।

रस मलाई को बनाने के लिए छेने का प्रयोग किया जाता है, जो एक प्रकार का चीज होता है। अगर आप भी घर पर इस टेस्टी मिठाई को बनाने की कोशिश करना चाहते हैं, तो आपकी मदद के लिए हम लाएं इसे बनाने की बेहद आसान रेसिपी। आइए जानते हैं कैसे घर पर रस मलाई बनाई जा सकती है।

स्वादिष्ट रस मलाई बनाने के लिए सबसे पहले बादाम को बारीक काट लें और हरी इलायची को क्रश करके एक तरफ रख दें।

अब एक ब्लेंडर में 1/2 कप चीनी और 1/4 कप बादाम डालकर अच्छी तरह ब्लेंड कर लें।

अब मध्यम आंच पर एक और पैन लें और उसमें 2 लीटर दूध गर्म करके उबाल लें। दूध में नींबू का रस मिलाएं और जब दूध गाढ़ा होने लगे तो एक कपड़े से दूध निकाल दें और नींबू का रस निकालने के लिए इसे बहते पानी के नीचे धो लें और सूती या मलमल के कपड़े में बांधकर थोड़ी देर लटाकर छोड़ दें।



मध्यम आंच पर एक और गहरा पैन गर्म करें, उसमें बचा हुआ दूध डालें और उसे बीच-बीच में चलाते रहें।इसके बाद इसमें केसर डालें और तब तक उबालें जब तक दूध आधा न रह जाए।

अब इसमें चीनी और बादाम का मिश्रण और कुटी हुई इलायची डालें और इसे धीरे-धीरे चलाते रहें। थोड़ी देर बाद इसमें गुलाब जल डालें और गैस बंद करके आंच से उतार लें।

अब जो छेना बनने के लिए लटकाया था, उस कपड़े को खोलें। छेना बन जाने के बाद,इसे एक बड़े कटोरे में डालें और इसमें कॉर्नफ्लोर और बेकिंग सोडा मिलाएं। इसे थोड़ा सा मसल लीजिए और फिर इसकी छोटी-छोटी लोइयां बनाकर हाथ से हल्का सा दबा दीजिए।

इसके बाद, मध्यम आंच पर एक बर्तन लें और इसमें 2 और 1/2 कप पानी और 1 और 1/2 कप चीनी डालें और चलाते रहें। जब चाशनी में उबाल आने लगे तो आंच धीमी कर दें और धीरे-धीरे छेना के गोले डालें, ढक्कन से ढक दें और छेना के गोले फूलने दें।

जब छेना के गोले फूल जाएं तो आंच बंद कर दें और इन गोलों को दूध की रबड़ी में डुबा दें और छोटे गोले को मीठे दूध की मिठास सोखने दें। कुछ बादाम, केसर के धागे और थोड़ी-सी इलायची से गार्निश करें। जब रसमलाई पक जाए, तो एक घंटे के लिए फ्रिज में रखें। आपकी स्वादिष्ट रस मलाई बनकर तैयार है।

# बेकार पड़ी चीज़ों को फेंकने की बजा सजावट के लिए करें इस्तेमाल



घर में ऐसी बहुत सी पुरानी और बेकार चीजें पड़ी रहती हैं, जिन्हें न फेंकने का दिल करता है और न ही हम इनका इस्तेमाल कर पाते हैं। तो ऐसी चीजों को इकट्ठा करके घर को कूड़ेदान बनाने की जगह उन्हें यूज करने के बारे में जानना जरूरी है। थोड़ी सी क्रिएटिविटी से आप कई सारी चीज़ों को नया रूप दे सकती हैं और इनसे किचन से लेकर बाथरूम, बेडरूम तक की सजावट कर सकती हैं। तो बिना देर किए आइए जानते हैं इनके बारे में।

**बेबी फूड जार:** जब आपका बेबी जार इस्तेमाल में न आ रहा हो, तो इसका यूज आप नेल रिमूवर के लिए कर सकते हैं। इस जार में एक स्पॉन्ज डालें। अब इस स्पॉन्ज में नेल पॉलिश रिमूवर डा दें। नेल पॉलिश हटाने के लिए अपनी उंगली इसमें डीप करें।

# खाद्य तेल और दाल–दलहन में मिलाजुला रुख

**बीते सप्ताह**

- **दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अनाज और मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे...**

नयी दिल्ली 17 मार्च (वार्ता) विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अनाज और मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 128 रिंगिट उबलकर 4327 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.74 सेंट की तेजी लेकर 47.94 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



सप्ताहांत पर सूरजमुखी तेल 74 रुपये और पाम ऑयल 34 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12014 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12014 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10476 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8466 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान अरहर दाल 500 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई जबकि उड़द दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, चना, दाल चना, मसूर दाल और मूंग दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10500-10600, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4050-4150, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4500-4600 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान अरहर दाल 500 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई जबकि उड़द दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, चना, दाल चना, मसूर दाल और मूंग दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10500-10600, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4050-4150, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4500-4600 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# शक्कर, खोपरा गोला, हल्दी में पूछपरख

**सप्ताहांत**

- **खोपरा गोला तथा साबूदाना में कामकाज सुधार लिए बताया गया। खड़ी हल्दी लग्नसरा मांग से बढ़त लिए बताई गई। इससे भाव सुधरे रहे।**

इंदौर, एजेंसी

सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर मांग से ऊंची बिकी। खोपरा गोला तथा साबूदाना में कामकाज सुधार लिए बताया गया। खड़ी हल्दी लग्नसरा मांग से बढ़त लिए बताई गई। इससे भाव सुधरे रहे।स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 3760 से 3780 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3760 से 3800 रुपये के स्तर पर थमी। शक्कर की दैनिक आवक 03 से 04 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 115 से 140 रुपये पर थमा। हल्दी में पूछपरख बताई गई। इसमें कामकाज 225 से 300 रुपये की रंगत पर हुआ। खोपरा बूरा के दामों में सुधार दर्ज किया गया।



सप्ताहांत खोपरा बूरा में कामकाज 2400 से 4450 रुपये होकर थमा। साबूदाना में लिवाली बताई गई।

**मसूर, तुअर में तेजी, दालों में मिश्रित रंगत**–स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन कामकाज मजबूत रहा। मांग से मसूर तथा तुअर महंगी बिकी। मूंग, उड़द के भाव बने रहे। दालों के भाव ऊपर नीचे हुए। चावल में उठाव सुधार लिए बताया गया।सप्ताहांत चना कांटा 5850 से 5900 रुपये खुलने के बाद 5800 से 5900 रुपये होकर थमा। मूंग 8800 से 10000 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7000 रुपये बिकी। सप्ताहांत भाव बने रहे। यही स्थिति तुअर, मूंग की रही। कारोबार में तुअर 8700 से 10400 रुपये खुलकर 8700 से 10600 रुपये बिकी। उड़द 8800 से 9200 खुलने के बाद इसी स्तर पर थमी। मसूर 5850 से 5875 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर खुलने के बाद 5850 से 5900 रुपये प्रति क्विंटल बताई गई।दालों में भाव मांग से ऊपर नीचे हुए। सप्ताहांत चना दाल तथा मूंग दाल के भाव कम हुए वहीं उड़द मोगर महंगी बिकी। रवा, मैदा, गेहूं का आटा में लिवाली रही। चना बेसन सस्ता खुलने के बाद महंगा बिका। चावल में ग्राहकी सुधार लिए रही।

**खाद्य तेलः मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड में तेजी**–सप्ताहांत खाद्य तेलों में पूछपरख से भाव मजबूती लिए रहे। सप्ताहांत मूंगफली तेल सोयाबीन रिफाइंड तथा पाम तेल महंगा बिका। आवक कमी से तिलहनों में भाव ऊपर नीचे हुए।

कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1480 से 1500 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1510 से 1530 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 970 से 975 रुपये पर खुलकर 1015 से 1020 रुपये बिका। पाम तेल 980 से 985 रुपये खुलकर 1025 से 1030 रुपये होकर थमा। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव मजबूती लिए बताए गए।

# सप्ताहांत में सोना-चांदी में रहा उछाल

इंदौर, एजेंसी

सप्ताहांत सोना तथा चांदी में उछाल दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 700 रुपये तथा चांदी 900 रुपये महंगी बिकी।



कारोबार की शुरुआत में सोना 65200 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 65900 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 73200 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 74100 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 65900 नीचे में 65100 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 74100 तथा नीचे 73100 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 2156 डॉलर तथा चांदी 2517 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

**समीक्षा** | **बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1476.46 अंक अर्थात 1.99 प्रतिशत पर 72643.43 अंक रहा**

# केंद्रीय बैंकों के नीतिगत निर्णय का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई, एजेंसी

रूस की तेल रिफाइनरी पर यूक्रेन के ड्रोन हमले के साथ ही अमेरिका में महंगाई की दर अनुमान से अधिक रहने के बाद फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शुरू करने को लेकर बढ़ी चिंता के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह दो प्रतिशत की गिरावट देख चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों की नीतिगत दरों को लेकर होने वाली बैठकों के निर्णय का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1476.46 अंक अर्थात 1.99 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 72643.43 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 470.2 अंक यानी 2.1 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22023.35 अंक पर आ गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों पर बिकवाली का दबाव दिग्गज कंपनियों से अधिक रहा। इससे मिडकैप 1602.41 अंक अर्थात 4.02 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 38250.44 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप 2640.82 अंक यानी 5.9 प्रतिशत टूटकर 42012.75 अंक रह गया।




विश्लेषकों के अनुसार, एक नई ऊंचाई छूने के बाद बाजार मूल्यांकन और अस्थिरता में वृद्धि पर चिंताओं के कारण बीते सप्ताह घरेलू बाजार में करेक्शन देखा गया। खुदरा निवेशकों की बिकवाली के कारण मिडकैप और स्मॉलकैप में गिरावट आई। हालांकि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में सौदेबाजी के अवसर बने रहने की उम्मीद है। इस बीच एफएमसीजी और सोने जैसे विरोधाभासी शेयर कुछ राहत दे रहे हैं। अगले सप्ताह वैश्विक केंद्रीय बैंकों अमेरिकी फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक होने वाली है। इन बैंकों के ब्याज दरों को लेकर होने वाले निर्णय पर बाजार की नजर रहेगी। हालांकि अमेरिकी बेरोजगारी दर में वृद्धि और महंगाई दर के अनुमान से अधिक रहने के कारण फेड रिजर्व की ब्याज दर में कटौती किए जाने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इससे अमेरिका के 10 वर्षीय बांड यील्ड और डॉलर सूचकांक में बढ़ोतरी हुई और इसका असर उभरते बाजारों पर भी दिखाई देने लगा है।

बीते सप्ताह शेयर बाजार में तीन दिन गिरावट और दो दिन तेजी रही। अमेरिका में महंगाई आंकड़े जारी होने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से सोमवार को सेंसेक्स 616.75 अंक का गोता लगाकर 73,502.64 अंक और निफ्टी 160.90 अंक गिरकर 22,332.65 अंक पर बंद हुआ। वहीं, फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की अवधि का निर्धारण करने में अहम स्थान रखने वाले अमेरिका के महंगाई आंकड़ों के जारी होने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, मारुति, रिलायंस और महिंद्रा जैसी दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 165.32 अंक की तेजी लेकर 73,667.96 अंक और निफ्टी 3.05 अंक की मामूली बढ़त के साथ 22,335.70 अंक पर रहा।

एशियाई बाजार की गिरावट के दबाव के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर यूटिलिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस, धातु और पावर समेत सभी समूहों में हुई भारी मुनाफावसूली से बुधवार को सेंसेक्स 906.07 अंक की भारी गिरावट लेकर 72,761.89 अंक और निफ्टी 338 अंक का गोता लगाकर 21,997.70 अंक पर बंद हुआ। वहीं, विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत 19 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 335.39 अंक मजबूत होकर 73,097.28 अंक और निफ्टी 148.95 अंक की तेजी के साथ 22,146.65 अंक पर रहा।

रूस की तेल रिफाइनरी पर यूक्रेन के ड्रोन हमले के साथ ही अमेरिका में महंगाई की दर अनुमान से अधिक रहने के बाद फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शुरू करने को लेकर बढ़ी चिंता के दबाव में स्थानीय स्तर पर तेल एवं गैस, ऊर्जा, ऑटो और कैपिटल गुड्स समेत सोलह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 453.85 अंक का गोता लगाकर 72,643.43 अंक और निफ्टी 123.30 अंक टूटकर 22,023.35 अंक पर रहा।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)